13/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना हुए। रवाना होने से पहले दिए बयान में उन्होंने कहा कि भारत की रणनीतिक सोच में फ्रांस का खास स्थान है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य मकसद भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना है। फ्रांस में, श्री मोदी 'भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर' के तहत फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मिलकर 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे दो दिन की यात्रा पर स्लोवाकिया जाएंगे। स्लोवाकिया के बाद, प्रधानमंत्री मोदी सोलह और सत्रह जून को एवियन में होने वाले G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस लौटेंगे।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नई दिल्ली में नीति आयोग द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में अरुणाचल प्रदेश के लिए विशेष नीतिगत हस्तक्षेप और अतिरिक्त सहायता की मांग की हैं। राज्य के सामरिक महत्व एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने जनसंख्या आधारित वित्तीय सहायता मानदंडों की समीक्षा करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) का

विस्तार कर दो सौ पचास या उससे अधिक आबादी वाले गांवों को इसमें शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने वर्ष 2047 तक राज्य के चालीस हज़ार मेगावाट जलविद्युत उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग, इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग अरुणाचल को सशक्त बनाने और अखिल भारतीय सेवाओं के लिए अलग कैडर बनाने की भी मांग की।

0000000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले बारह वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अवधि में आधारभूत ढांचे, संपर्क व्यवस्था, जनकल्याण, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ईटानगर स्थित भाजपा राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्रामीण सड़कों, रेलवे विद्युतीकरण, विमानन, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, वित्तीय समावेशन तथा स्वदेशी रक्षा उत्पादन में हुई प्रगति का उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में सेला एवं नेचीफू टनल और फ्रंटियर हाईवे जैसी प्रमुख परियोजनाओं को भी रेखांकित किया।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना द्वारा उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध के समय का माना जा रहा एक बिना विस्फ़ोटित मोर्टार शेल सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया।

यह शेल गत ग्यारह जून 2026 को तवांग के लेब्रांग क्षेत्र में पाया गया था। तवांग पुलिस को सूचना मिलने के बाद इलाके को घेर लिया गया और सेना के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। बाद में बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार शेल को मेथांग ले जाकर सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इस कार्रवाई में किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। तवांग पुलिस अधीक्षक तासी दाराङ ने सेना की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी बिना फटे सैन्य गोला-बारूद दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी जाएं।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड केटी पारनाईक ने **'विश्व रक्तदाता दिवस'** की पूर्व संध्या पर सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदाता **'साइलेंट हीरोज़'** हैं, जिनके निस्वार्थ कार्यों से हर दिन अनगिनत जानें बचती हैं। वे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को उम्मीद देते हैं, प्रसव के दौरान माताओं की मदद करते हैं, सर्जरी और कैंसर का इलाज करा रहे लोगों का साथ देते हैं और ज़रूरत के समय जीवन बचाने में मदद करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस साल की थीम - **"मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं"** - रक्तदान के मूल में मौजूद करुणा और एकजुटता की भावना को दर्शाती है।

0000000000000000000000000

तानी लिपि के आविष्कारक तोनी कोयू को पासीघाट में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित लुम्मर दाई साहित्य पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मुकुत मिथी ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान अरुणाचल प्रदेश में साहित्य और भाषा विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। अरुणाचल प्रदेश साहित्यिक सोसाइटी - APLS द्वारा स्थापित इस पुरस्कार में स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, पुस्तकें तथा पचास हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की जाती है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के चौदह ज़िलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, पाके केसाङ, कुरुङ कुमे, क्रा-दादी, अपर सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, लोअर दिबाङ वैली, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

असम के जोरहाट में आज सुबह भारतीय वायुसेना का एक विमान AN-32 दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए। वायुसेना ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

वायुसेना ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई और प्रारंभिक जांच जारी है। वायुसेना ने लोगों से अपील की है कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने तक किसी भी तरह की अटकलों से बचें।

0000000000000000000000000